**प्रेस नोट संख्या-02**
**दिनांक 01.06.2025**
**सराहनीय कार्य जनपद अमेठी**
**थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा, चोरी के 01 पम्पसेट के साथ 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 01.06.2025 को क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री अजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर 01 पम्पसेट को धक्का देकर ले जा रहे व्यक्तियों को रोककर पूछताछ करने पर व्यक्तियों ने अपना नाम क्रमश: 01.रामबाबू पुत्र श्यामलाल उम्र करीब 42 वर्ष 02.रामचन्दर पुत्र शिवबालक उम्र करीब 40 वर्ष निवासीगण ग्राम रेवरी मजरे उत्तरपारा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी बताया। पम्पसेट के बारे में पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि हम लोगों ने अपने साथियों आकाश पुत्र कन्हैयालाल एवं चन्दन पुत्र सूरजपाल निवासीगण ग्राम रेवरी मजरे उत्तरपारा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी के साथ मिलकर कुछ दिन पहले ग्राम उत्तरपारा के शिवदेव के खेत से इस पम्पसेट को चुराया था। जिसे हमलोग बेचने जा रहे थे। बरामदगी के आधार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

बरामद पम्पसेट फील्ड मार्शल नं0 MEA164848 के संबंध में दिनांक 31.05.2025 को थाना मोहनगंज पर मु0अ0सं0 152/25 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–**

1. रामबाबू पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम रेवरी मजरे उत्तरपारा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 42 वर्ष।
2. रामचन्दर पुत्र शिवबालक निवासी ग्राम रेवरी मजरे उत्तरपारा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 40 वर्ष।

**पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही-**

- मु0अ0सं0 152/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।

**बरामदगी-**

- चोरी की 01 अदद पम्पसेट फील्ड मार्शल नं0 MEA164848।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राकेश सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 जितेन्द्र कुमार आर्यन थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
3. का0 दिलीप कुमार थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
4. का0 फईम अली थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
5. का0 मुकेश सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
6. विजय कुमार पाल थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।